SAMAGRA SHIKSHA KERALA

द्वितीय कालांत योगात्मक आकलन 2025-2026

**809**

# SUMMATIVE ASSESSMENT II

**A**

## Third Language

## HINDI

Time : 90 Minutes
Cool off time : 15 Minutes

Standard : VIII
Score : 40

---

**सूचना : 'बाबा और बाबा की छड़ी' कविता का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

साथ-साथ चलते हैं दोनों
बाबा और बाबा की छड़ी!
पहले वो कहता है चल... चल बाहर चलते हैं
और उठा लेता है छड़ी को
बिस्तर पर जो लेटी हुई थी!
फिर वो उसका हाथ पकड़के बाहर लाती है,
साथ-साथ चलते हैं दोनों
बाबा और बाबा की छड़ी!

1. बिस्तर पर कौन लेटी हुई थी? 1

    (क) बाबा (ख) कलम
    (ग) बच्चा (घ) छड़ी

2. समान आशय वाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें। 2

    **छड़ी बाबा का हाथ पकड़कर उसको बाहर ले जाने की मदद करती है।**

3. कवि और कविता का परिचय देते हुए **कवितांश का आशय** लिखें। 4

**सूचना : 'बाइसिकल थीव्स' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

दूसरे विश्व युद्ध के बाद का इटली है। गरीबी और उदासी धूप की तरह पूरे देश में छाई हुई हैं। रोम में रहने वाले अंतोनियो को नौकरी चाहिए। लेकिन नौकरी ऐसी मिली है जिसके लिए साइकिल होना ज़रूरी है। उसकी पत्नी मारिया बड़ी मुश्किलों से घर का सामान बेचकर साइकिल के पैसे जुटाती है। काम के पहले ही दिन अंतोनियो की साइकिल चोरी हो जाती है।

4. सही प्रस्ताव पहचानें, सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

i. अंतोनियो को नौकरी के लिए साइकिल की ज़रूरत थी।

ii. अंतोनियो का परिवार धनी था।

iii. अंतोनियो गरीबी और भूख से पीड़ित था।

iv. अंतोनियो के लिए भाई ने साइकिल खरीद दी।

(क) ii और iii सही हैं। (ख) i और iii सही हैं।

(ग) ii और iv सही हैं। (घ) i और iv सही हैं।

5. गरीबी और उदासी की तुलना किससे की गई है? क्यों? 2

6. अंतोनियो की साइकिल चोरी हो जाती है। इस अनुभव पर अंतोनियो की **डायरी** लिखें। 4

**अथवा**

अंतोनियो की साइकिल चोरी हो जाती है। इसका ज़िक्र करते हुए मित्र के नाम अंतोनियो का **पत्र** लिखें।

**सूचना : 'जब हम धीरे चलते हैं' यात्रा विवरण का यह अंश पढ़ें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> यह है मैत्तेयो– आधा फ्रेंच, आधा इटालियन। मैत्तेयो स्लोवेनिया और इटली के बॉर्डर पर रहता है। हमारी मंडली का सबसे छोटा सदस्य। हम उसे बच्चा-बच्चा बुलाते थे, पर जब वो संगीत बजाता तो जैसे समा बँध जाता था। अकॉर्डियन पर उसकी बजाई खूबसूरत धुनें हवाओं को थिरका देती थीं।

7. विशेषण शब्द चुनकर लिखें। 1

(क) हवा (ख) संगीत (ग) खूबसूरत (घ) मंडली

8. 'जब वो संगीत बजाता तो जैसे समा बँध जाता था।' -इससे आपने क्या समझा? 2

9. संकेतों की सहायता से मैत्तेयो के **चरित्र पर टिप्पणी** लिखें। 4

- मंडली का सबसे छोटा सदस्य
- अकॉर्डियन वादक
- आकर्षक व्यक्तित्व
- सहानुभूति रखने वाला

**अथवा**

संकेतों की सहायता से **'प्रकृति और कला के बीच अभिन्न संबंध है'** विषय पर एक **लघु लेख** लिखें।

- मानवजीवन में प्रकृति और कला का स्थान
- प्रकृति- मानव की प्रेरणा
- प्रकृति और कला एक ही सिक्के के दो पहलू
- कला और साहित्य को प्रकृति से प्रेरणा

**सूचना : 'मेरी माँ' फ़िल्मी गीत की ये पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 10 और 11 के उत्तर लिखें।**

> ओ... मैं कभी, बतलाता नहीं
> पर अंधेरे से डरता हूँ मैं माँ
> यूँ तो मैं, दिखलाता नहीं
> तेरी परवाह करता हूँ मैं माँ
> तुझे सब है पता, है न माँ
> तुझे सब है पता... मेरी माँ

10. **'तुझे सब है पता, है न माँ'** -इस कथन का मतलब क्या है? 2

11. नवंबर 14, बालदिवस के अवसर पर आपके स्कूल में एक **फ़िल्मोत्सव** का आयोजन हो रहा है। इसमें **'तारे ज़मीन पर'** सिनेमा का प्रदर्शन होने वाला है। इसके लिए **पोस्टर** तैयार करें। 4

**अथवा**

'मुझे भी बोलने का हक है। मेरी बात सुनी जानी चाहिए' यह संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें।

**सूचना : 'हाची की कहानी' का यह अंश पढ़ें और 12 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> जापान की राजधानी टोक्यो में सड़क पर टहलते प्रोफेसर यूएनो को कुत्ते का एक पिल्ला मिलता है। अकीता नस्ल का एक शानदार पिल्ला, जिसके गले पर पट्टा बँधा है। उसपर लिखा है– हाची। जापानी भाषा में हाची का अर्थ होता है आठ, वह अंक, जिसे पूरा जापान बहुत सौभाग्यशाली मानता है।

12. नमूने के अनुसार लिखें। 1

| | |
|---|---|
| हाची सड़क पर दौड़ता है। | हाची सड़क पर दौड़ने लगा। |
| लुआना स्टेज पर गाती है। | ....................................। |

13. कोष्ठक के शब्दों की सहायता से **वाक्य-विस्तार** करें। 3

( घर में, कुत्ते को, शानदार )

प्रोफेसर पालता है।

..................................

..............................................

...................................................................

14. पिल्ले के साथ घर आए प्रोफेसर और पत्नी के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें। 4

सूचना : 'तारे ज़मीन पर' फ़िल्मी लेख का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें।

**तारे ज़मीन पर**

'तारे ज़मीन पर' आठ साल का बच्चा ईशान अवस्थी के जीवन पर केंद्रित है। वह डिस्लेक्सिया से पीड़ित है। उसके कला शिक्षक राम शंकर निकुंभ उसकी प्रतिभा को पहचानता है। उसे डिस्लेक्सिया से निपटने में मदद करता है। यह फिल्म बताती है कि हर बच्चा खास होता है। हमें बच्चों की क्षमताओं को समझने की जरूरत है।

(डिस्लेक्सिया- ഒരു പഠനവൈകല്യം, निपटना - മറികടക്കുക, खास - വിശേഷപ്പെട്ട)

15. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

(क) वह + के = उसकी (ख) वह + का = उसकी

(ग) वह + की = उसकी (घ) वह + के = उसकी

16. 'तारे ज़मीन पर' सिनेमा से हमें क्या संदेश मिलता है? 2

17. चित्र के आधार पर दो वाक्य लिखें। 2

